# सम्पादकीय

## हम जिंदगी में जल्दबाजी में नहीं और देरी से हां बोलने पर अनेक अवसर, चीजें, और उपलब्धियां खो देते हैं

नहीं और हां दोनों बहुत छोटे शब्द हैं, परंतु जीवन के सारथी हैं– सोच समझकर उपयोग करना जरूरी – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया– पृथ्वी पर दो तरह के जीवों में सांसें चलती है। यह हम सब जानते हैं कि वह हैं पहला, मानव या मनुष्य और दूसरा, पशु, एनिमल या जिसके अनेक प्रकार हो सकते हैं। साथियों हम आदि लोग से सुनते आ रहे हैं कि जीव योनि में 84 करोड़ योनियां है, जिसमें से एक है मनुष्य योनि और जुगां युगांतर आदि युग से ही हम सुनते आ रहे हैं कि मनुष्य की उत्पत्ति गुरिल्ला नामक जीव से हुई है, और मनुष्य को ऊपर वाले ने सोचने समझने की तार्किक बुद्धि दी है। इसलिए वह अन्य जीवों से एक सर्वश्रेष्ठ योनि जीव कहलाता है। हम अनेक अध्यात्मिक प्रवचन, जो हर धर्म जाति के लोग श्रावण करते हैं उसमें भी बताया जाता है ऐसा मेरा मानना है।साथियों बात अगर हम मनुष्य योनि की करें तो मेरा यह निजी मानना है कि मनुष्य को हमेशा सोच समझकर बोलना और निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि बिना सोचे समझे बोली गई कोई बात या लिया गया निर्णय, विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न करने में जरा सी भी देर नहीं लगाती। क्योंकि जब तक हमें अपनी गलती का एहसास हो, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हमारे बड़े बुजुर्गों ने भी सच ही कहा है कि मुंह से निकली बात, आंखों से निकले आंसू, एवं बाण से निकला तीर, वापस नहीं आता। इसलिए जीवन में बहुत ही सोच समझकर बोलना और निर्णय लेना, जीवन सुखमय करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रेम और विनम्रता पूर्वक बोलने पर सूखे वृक्ष में भी जीवन का संचार हो जाता है, अर्थात मनुष्य की वाणी ही उसे निर्धन और धनवान व्यक्तित्व बनाती है। उसका व्यक्तित्व निखरता है, उसका इस सृष्टि पर जन्मो जन्मो तक राज रहता है क्योंकि वह मनुष्य मृत्यु के बाद भी अपनी वाणी मधुरता के बल पर जीवित रहता है।

साथियों बात अगर हम इसमनुष्य योनि के निर्णय से जुड़ी दो शब्दों, नहीं, और एक शब्द, हां, की करें तो यह बहुत ही छोटे दो और एक अक्षर से के शब्द हैं, लेकिन यह शब्द– हां– और शब्द– नहीं– के मुंह से निकलने पर हम अपनी जिंदगी की बहुत सी चीजें, अनेक अवसर, अनेक उपलब्धियां या तो खो सकते हैं, या पा सकते हैं। इसलिए इन दोनों शब्दों का प्रयोग बहुत ही सोच समझ कर करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। साथियों, हमारी जिंदगी में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जब हमें कई प्रकार के जरूरी फैसले लेने होते हैं। ये ऐसे फैसले होते हैं जो या तो हमारी जिंदगी सँवार सकते हैं या हमेशा के लिए बिगाड़ सकते हैं इसलिए ऐसे वक्त हमें वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर हां या नही शब्दों का प्रयोग कर, सोच–समझकर ही कोई भी फैसला लेना चाहिए। हमारे जीवन में अनेक फैसले हमारे भविष्य से जुड़े होते हैं और हमारे भविष्य बिगाड़ भी सकते हैं और बना भी सकते हैं जैसे, शादी, बच्चे, कैरियर, व्यापार, व्यवसाय, रिश्तेदारी, नौकरी, निवेश आदि कई फैसले ऐसे होते हैं, जो हमें अकेले ही लेना पड़ते हैं। इनमें किसी की सलाह तो हमारे काम आ सकती है पर किसी का निर्णय पर निर्भरता हमारे लिए नुकसानदेह हो सकती, और फायदेमंद भी हो सकती है। कई बार हमारे सामने स्थितियां ऐसी आती है कि हम हां या नहीं किसी और परिपेक्ष में सोचकर बोलते हैं, परंतु वास्तु स्थिति कुछ और होती है। हमारे बड़े बुजुर्गों ने कहा है कि कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी कुछ सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए बिल्कुल सही क्योंकि बहुत बार हम आंखों से कुछ देखकर कुछ अन्य परिपेक्ष में सोचते हैं, परंतु वह होता किसी और अन्य परिपेक्ष में है। बस! देखने की दृष्टि का फर्क होता है जो कोमलता, जल्दबाजी, धैर्य, क्रोध, से समाहित हो सकता है। साथियों क्रोध हमारा एक ऐसा शत्रु है, जो हमेशा हमारा काम बिगाड़ता है। कई बार दूसरों को नीचा दिखाने के लिए या लोगों की वाहवाही लूटने के लिए क्रोध में आकर हम कोई निर्णय, हां या नहीं तो ले लेते हैं परंतु ऐसे निर्णयों पर अक्सर हमें बाद में पछताना पड़ता है। ध्यान रखें कि जब तक हमारे व्यवहार में क्रोध का समावेश होगा, तब तक हम जीवन में कोई भी सही निर्णय नहीं कर पाएँगे। इसलिए क्रोध और जल्दबाजी को छोड़कर अपनी जवाबदारी और जिम्मेदारी को समझकर गंभीरता से हां या नहीं का निर्णय लेना ज्यादा फायदेमंद होगा। क्योंकि अपनी जिम्मेदारियों से जी–चुराना तो बहुत बड़ी मूर्खता होती है। जिम्मेदारियाँ व निर्णय जिंदगी में अपनी एक अहमियत रखते हैं तो क्यों न हम इनके लिए पहले से ही स्वयं को तैयार कर लें ताकि वक्त आने पर सही निर्णय लिया जा सके, जिससे जिंदगी बोझ न बनकर खुशियों का खजाना बन जाए। और हमें अपने उस हां या नहीं के निर्णय लेने पर गर्व महसूस हो।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम देखेंगे कि हम जिंदगी में जल्दबाजी में नहीं, और देरी से हां, बोलने पर अनेक अवसर, चीजें, और उपलब्धियां खो देते हैं। तथा, नहीं और हां दोनों बहुत छोटे शब्द हैं परंतु जीवन के सारथी हैं। सोच समझकर उपयोग करना,जीवन सुखमय बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

–संकलनकर्ता लेखक कर विशेषज्ञ– एडवोकेट स्तंभकार किशन सनमुखध्दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

# रोगमुक्त सेहत एक चुनौती



योगी करता योग है , रहता सदा निरोग।
काया सुंदर योग से, भागे सारे रोग।।

दुनिया में योग गुरु होने का श्रेय भारत वर्ष को है। खान पान के बदलते परिवेश में आज सेहतमंद रहना कठिन चुनौती है अतः योग की ओर लौटिए और शरीर को रोगों से मुक्ति पाने के लिए उपक्रम पहले से ही करें।
कहीं ऐसा ना हो कि आपका शरीर रोगों का अजायबघर बन जाए तब कहीं जाकर कुआं खोजें या खोदे, यानी बिना समय गवाएं जीवन दशा को बदलने के लिए योगाभ्यास व्यायाम आदि करना आज अत्यंत आवश्यक है। आज खानपान में प्रयोग की जाने वाली सामग्री अनाज सब्जियां खाद्य पदार्थ आदि सभी कुछ रासायनिक प्रयोगों के या खादों के पश्चात उत्पन्न होती हैं क्योंकि बढ़ती हुई आबादी को भोजन की आपूर्ति करा पाना भी एक चुनौती है। अतः भोजन की समस्या से निराकरण करने के लिए रासायनिक खादों का प्रयोग बड़ी तीव्रता के साथ किया जा रहा है। कृषक वर्ग सरकारी प्रयासों के कारण अब जैविक खादों का भी प्रयोग करने लगे जो सेहत के लिए हानिकारक नहीं के बराबर हैं। आदिकाल से योग जीवन का अभिन्न हिस्सा है हमारे देश के ऋषि–मुनियों ने योग साधना के माध्यम से अपने जीवन को जीवंत किया दीर्घायु जीवन जिया। भारत के प्रयास से विश्व भर में योगदिवस को 21 जून को मनाया जाने लगा । आज सुर्खियों में अखबारों में सरकारी पत्रों में पुष्पों की झड़ी लग गई। वास्तव में योगदिवस शंका तथा रिकॉर्ड का दस्तावेज का विषय वस्तु बनकर रह गया है। हमारे विद्यालय और विश्वविद्यालयों में योग शिक्षकों की भारी कमी है और इन कमी की पूर्ति करना केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार का का दायित्व कर्तव्य है परंतु चल रहे खाली पदों को भरना गवारा नहीं जा रहा है ऐसी स्थिति में क्या कहा जाए। हम किसे दोष दें सरकार को जो सारे रिकॉर्ड तैयार करने में लगी हुई है और फिर रिपोर्ट या रिकॉर्ड दस्तावेजों और गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराकर फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूटने में लगे हुए हम सभी लोग। वास्तव में जीवन स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग में सब सरकार के विषय वस्तु और अंग हैं जिसकी देखभाल करना सरकार की जवाबदेही है।

ष्योग से रोग समाज बन सकता है तब योग को बढ़ावा देना सरकार का कार्य है।योगासन क्रियाएं अनवरत रूप से चलने वाली जीवन शरीर स्वस्थ रखने की प्रक्रिया है।ष

ष्योग हमारा जीवन दर्शन है और हम इसका प्रदर्शन न कर हृदय से ग्रहण कर पालन करें तो बेहतर होगा।मानव शरीर को बेहतर बनाने के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता पड़ती है। वर्तमान समय में संतुलित आहार महंगाई में मिलना बड़ा मुश्किल है तो इस महंगाई पर नियंत्रण करना सरकार का दायित्व है।

ष्जैसा भोजन वैसा मन , योग रखे सुंदर तन।ष भौतिकता में खानपान में बदलाव आने की वजह से शरीर में अनेक प्रकार के विकारों का आगमन हो गया है आज हर वक्त में मिलावट हुई है जिसके कारण सेहत पर असर पड़ा है । आज अधिक धन लाभ पाने की कोशिश में जिसकी वजह से सेहत खराब हुई है, देश के लोगों की सेहत खराब होने के कारण अनेक प्रकार के रोगों ने अजायबघर बना लिया है।ऐसी स्थिति में योग ही एक ऐसा उपाय है जिसकी वजह से शरीर के विकारों तथा रोगों को दूर किया जा सकता है।

आज हमारे योग विज्ञानी बताते हैं कि योग क्रिया के माध्यम से शरीर को सुंदर सेहतमंद बेहतर ही नहीं रखा जा सकता बल्कि शरीर से अनेक प्रकार के रोगों को दूर किया जाने में वह सक्षम है वैसे हर व्यक्ति योग करता है । नियमित रूप से सुबह शाम टहलना भी एक योग है ।व्यायाम से शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है। प्रति दिन रोज सुबह शाम खेलना कूदना करना सब व्यायाम की श्रेणी में आते हैं।

प्राचीन योग के आचार्यों का कहना है कि हर व्यक्ति को अनुलोम विलोम प्राणायाम शीर्षासन पद्मासन सर पाषाण योग के विभिन्न प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए जिससे शरीर निरोगी रह सके।

वर्तमान समय में मानव जीवन के दैनिक जीवन में बहुत बदलाव आए हैं इन बदलाव के कारण तथा खानपान के कारण अनेक प्रकार की बीमारियों ने शरीर को अजायबघर बना लिया है इन्हीं बीमारियों से बचने के लिए व्यायाम अति आवश्यक है योग की आवश्यकता महसूस होती है आज शहरों में हम देखते हैं कि बड़े–बड़े जिम कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं लोग मोटर गाड़ियों से चढ़कर जिम तक जाते हैं और वहां साइकिलिंग करते हैं तथा अनेक प्रकार के योगासन क्रियाएं करते हैं।

हमारे जीवन को योग क्रिया शरीर को सेहतमंद ही नहीं रखता बल्कि मन बुद्धि को केंद्रित करके वैचारिक चिंतन मनन , ध्यान में तीव्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि करता है। योग से शरीर के बाहर बने स्वेद छिद्रों के माध्यम से गंदगी बाहर निकल कर आ जाता है।

योग क्रिया से हमारा पेट के समस्त विकार नष्ट होते हैं बल्कि पाचन शक्ति बढ़ती है भूख बढ़ती है और भूख बढ़ने के कारण भोजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ती है और शरीर स्वस्थ और निखार आ जाता है चेहरे में तेज और चमक बढ़ती है यो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन को विकसित और केंद्रित करता है जीवन में स्फूर्ति और नई ऊर्जा प्रदान करता है।

आज फिर बना लीजिए एक नियम कम से कम तीस मिनट तक प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहें और सारी गतिविधियां ठीक रहे शरीर रोगमुक्त रहे। सूर्य नमस्कार से योगासन की लगभग सभी क्रियाएं पूरी हो जाती है। सेहतमंद रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम प्राणायाम शीर्षासन पद्मासन सर्पासन हलासन उत्तानपादासन आसन अवश्य करें जिससे जठर रोग भी दूर हो सके।

वर्तमान समय में खानपान ही समस्त रोगों की जड़ है मौसम में खान–पान में आए परिवर्तन के कारण अनेक प्रकार की बीमारियां ईजाद हुई है । हमें सात्विक भोजन करना चाहिए ।

आज के समय में हम पाते हैं कि कम आयु के लोगों में रक्षा हार्ड अटैक अनेक प्रकार के बीमारियों ने जकड़ लिया है आज हंसना भी एक योग क्रिया है लोग मन में कई प्रकार के कुंठा के शिकार होते हैं और इन्हीं के कारण आशा करो पैदा हो जाते हैं आज हर व्यक्ति अपने विचार खुलकर व्यक्त नहीं कर पाता इससे जीवन की गंभीर समस्याएं पैदा होती हैं तो कम से कम हम लोग योगासन कर इन समस्याओं से निजात पाएं।

भौतिकता में योगासन हमारा जीवन को रखता सुंदर है तन मन धन सब ही सेहतमंद रहे जिसका वहीं पुरंदर है।

लेखन
के एल महोबिया
अमरकंटक अनूपपुर मध्यप्रदेश

# क्या है अंतर स्वाभिमान और अभिमान में?

स्वाभिमान स्वत्व की रक्षा करने का गुण प्रदर्शित करता है स्वाभिमानी व्यक्ति किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता ।स्वाभिमान आत्मसम्मान एवं आत्मगौरव का भाव है। महाराणा प्रताप स्वाभिमानी वीर थे जिन्होंने स्वाभिमान की रक्षा के लिए राजपाट छोड़ दिया था। अभिमानी था रावण, प्रकांड पंडित होते हुए भी अनर्थ कर बैठा,सोने की लंका जलकर खाक हो गई ।स्वाभिमान हमें जीवन मूल्यों के प्रति,अपने देश के प्रति, अपनी संस्कृति, अपने समाज और अपने कुल के प्रति किसी भी कीमत पर समझोता नहीं करने देता ।कितनी भी कठिन परिस्थितियां और विपन्नावस्था हो हमें डिगने नहीं देता। कुछ लोग इसे अभिमान परिभाषित करते हैं,अभिमान मिथ्या ज्ञान, घमंड है जो व्यक्ति को दंभी बनाकर अज्ञान के अंधेरे में ढकेलता है। अभिमान शत्रु है और हमें मित्र विहीन करता है ।स्वाभिमान उत्थान की ओर ले जाता है, वहीं अभिमान पतन की राह पर ले जाता है ।स्वाभिमान स्थिरता और शांति की ओर ले जाता है ।हम समाज हेतु महत्वपूर्ण हो जाते है मगर महत्व मिलने पर दूसरों को लघु समझने लगें तब अभिमानी कहलाते हैं ।अभिमानी चाटुकारों और स्वार्थी लोगों से घिरा रहता है। इसके विपरीत स्वाभिमानी व्यक्ति के प्रशंसक होते हैं। अभिमानी अपना आधिपत्य स्थापित करता है जबकि स्वाभिमानी दूसरों के आधिपत्य को समाप्त करते हैं ।श्री राम ने रावण के आधिपत्य को समाप्त किया तथा श्री कृष्ण ने कंस के आतंक को ।वह स्वाभिमान था ।स्वाभिमान हमेशा स्वतंत्रता का पक्षधर रहता है इसलिए स्वाभिमानी स्वतंत्रता लिए लड़ते हैं। अज्ञानी लोग भौतिक सम्पदा,ध्न,बल,सम्पत्ति,भूमि होने से अभिमानी हो जाते हैं ।महात्मा विदुर ने कहा है श्बुढ़ापा रूप को, आशा धैर्य को, मृत्यु प्राण को, क्रोध श्री को, काम लज्जा को एवं अभिमान सर्वस्व को हरण कर लेता है ।ष्उपलब्धियों, ज्ञान और विद्या की प्राप्ति के बाद भी विनम्रता बनी रहे,वह स्वाभिमान है ।लघुत्व से महत्व की और बढना स्वाभिमान की निशानी है जबकि दूसरों को लघु समझना अभिमानी होने का प्रमाण है। स्वाभिमानी हमेशा विनम्र भाषा का प्रयोग करते हैं जबकि अभिमानी हमेशा हेकड़ी की भाषा अपनाते हैं। स्वाभिमानी कड़े परिश्रम से सफलता प्राप्त करना चाहते हैं जबकि अभिमानी अवसरवादी होते हैं। स्वाभिमानी सफलता का श्रेय अपने साथियों को देते हैं जबकि अभिमानी पूरा श्रेय स्वयं लेना चाहते हैं स्वाभिमानी अपने स्वभाव से पूर्ण परिचित रहते हैं जबकि अभिमानी को अपने स्वभाव पर नियंत्रण नहीं रहता। स्वाभिमानी अपनी आलोचना को हितकर मानते हैं जबकि अभिमानी अपनी आलोचना सहन नहीं करते हैं ।अभिमानी अपनी योग्यता को लेकर अतिआत्मविश्वासी होते हैं।



गीता परिहार
अयोध्या कैन्ट

# वृद्ध पिता का श्राप !




मालगुजारी का समय । पटवारी रामशंकर । खानदानी पटवारी । पुरानी मैट्रिक पास । सौ बीघा के काश्तकार । गीता पाठी, शास्त्रों के जानकार । इकलौती संतान होने से नौकरी नहीं की । पिता के स्वर्गवासी हो जाने पर पटवारी बन गए । पूरा गांव उन्हें पटवारी जी कह कर बुलाता । बड़ी मान मन्नत के बाद लड़का हुआ । पूरे गांव में मिठाइयां बांटी । समय गुजरने लगा । पटवारी जी के पिता शांत हो गए । कुछ समय बाद पटवारी जी की पत्नी भी शांत हो गई । बेटा सुरेश बीस वर्ष का हो गया था। पटवारी जी ने पास के ही गांव के प्रतिष्ठित परिवार में सुरेश की शादी कर दी ।

सुरेश की पत्नी उषा स्वभाव से तेज थी । समय के साथ साथ पटवार जी थक गए । पटवारी जी को आंखों से कम दिखाई देने लगा । पटवारी जी मीठा खाने के शौकीन थे । उनकी माली हालत भी ठीक थी । सुरेश स्वाभाव से चिड़चिड़ा था । खेती–बाड़ी का सारा कारोबार सुरेश के हाथ में था । सुरेश के यहां भी शादी के 10 साल बाद बेटा हुआ । सुरेश की शह पाकर उषा भी पटवारी जी की उपेक्षा करने लगी । वह आए दिन पटवारी जी से विवाद कर बैठती । सुरेश यदि समझाता तो वह मायके जाने या कुछ खा लेने की धमकी दे देती । एक दिन सुबह–सुबह हुआ पटवारी जी पर बरस पड़ी ष कान खोल कर सुन लो ससुर जी, सुबह जल्दी उठना मेरे बस की बात नहीं। मेरे मायके में तो सब काम नौकर चाकर करते थे। मैं भी मायके में इकलौती बेटी हूँ । पिताजी भी नहीं है, मुझे ही सब संभालना हैष।

पास खड़ा सुरेश सुन रहा था। पटवारी जी धीरे से बोले ष भगवान की दया से यहां भी कोई कमी नहीं है। खेती–बाड़ी सब सुरेश संभाल रहा है ।अमावस पूनम मीठा बनाने की इस घर में परंपरा रही है ।मुझे भी मीठा बहुत पसंद है। अब मेरी उम्र भी अधिक हो गई है। दांत नहीं हैं । गाय भैंस सब घर में हैं। आज पूनम है, खीर बनाने में कितना समय लगेगाष? उषा अनसुना कर घर में चली गई ।उसने खीर नहीं बनाई। सुरेश भी कुछ नहीं बोला । सुरेश खेती पर ध्यान नहीं देता । खेती किसानी बिगड़ने लगी। खेती में घाटा होने लगा। गाय, बैल, भैंस सब बिक गए। घर में आर्थिक तंगी रहने लगी । बीमार रहने से पटवारी जी ने पटवारा भी छोड़ दिया था ।

सुरेश के बेटे की मान का मुहूर्त निकला। सारे रिश्तेदार बुलाए। उषा की मां भी आई ।दिन भर पूजा–पाठ और रात में भजन कीर्तन हुए । घर मेहमानों से भरा था। सभी थक गए थे इसलिए सो गए । उषा की मां सुबह जल्दी उठ गई। सभी को सोता हुआ देखकर चिल्लाने लगी ष क्या पटवारीजी,कितनी अव्यवस्था फैली हुई है ।सुबह हो गया। नाश्ते पानी का कोई ठिकाना नहीं है ।अरे जब आपसे इतने लोग की व्यवस्था नहीं हो रही थी तो आपने क्यों बुला लियाष? पूरे घर में सन्नाटा पसर गया। उषा बर्तन साफ करने की आड़ में जोर जोर से पटकने लगी । उषा भी बड़बड़ा रही थी । पटवारी जी चुपचाप सब सुन रहे थे। जब उनकी सहनशीलता से बात बाहर हो गई तो वह चिल्ला उठे ष्क्या तुम लोगों ने घर में अशांति कर दी । सुबह उठकर जोर जोर से चिल्ला रहे हो। अरे सब काम हो जाएगा। अभी सब नौकर चाकर आने वाले होंगे। अच्छा लगता है, इतने मेहमानों के सामने चिल्ला– चोट कर रहे होष?

इतना सुनकर उषा और उसकी मां जोर–जोर से दहाड़ मार कर रोने लगी। सुरेश से यह सहन नहीं हुआ। उसने पटवारी जी को हाथ पकड़ कर घर से बाहर करते हुए कहा ष आपकी भी बुढ़ापे में अकल सठिया गई है । किसको क्या कहना इतनी भी तमीज नहीं । दोनों बेचारी कल से ही काम में जुटी हुई है ।आपने सुबह–सुबह चिल्लाकर पूरे गांव को इकट्ठा कर लियाष?

पटवारी जी आग बबूला हो गए । काटो तो खून नहीं। उन्होंने सभी मेहमानों, गांव के जमीदार और पंचों को इकट्ठा कर लिया। उन्होंने सभी के सामने जोर से कहा ष इस सुरेश और उषा दोनों को कहें कि अभी मेरा घर छोड़कर चले जाएं। यह दोनों मेरे साथ रहने का अधिकार खो चुके। आप सब रिश्तेदार और गांव के प्रतिष्ठित लोग गवाह हैं,यदि मैं मर भी जाऊं तो यह मेरा अंतिम संस्कार का अधिकारी नहीं रहेगा। नालायक सुरेश को मेरा मरा हुआ मुंह भी मत देखने देनाष? बात बहुत बढ़ गई दिनभर विवाद होता रहा। पटवारी जी ने किसी की एक भी बात नहीं मानी। तब जमीदार, पंचों ने उषा और उसकी मां को कहा ष्अभी तुम लोग सुरेश को लेकर कुछ दिन अपने गांव चले जाओ । सुलह हो जाने पर वापस आ जाना ।

सुरेश पत्नी सहित ससुराल में जाकर रहने लगा। ससुराल में भी वह दिवाला निकालने लगा। इधर पटवारी जी ने अपनी पूरी जमीन मंदिर को दान कर दी। मरने के बाद मकान गौशाला के नाम लिख दिया। सुरेश की सासु भी कुछ दिनों बाद हार्ट अटैक से गुजर गई । सुरेश के बेटे की भी तबीयत खराब रहने लगी ।उसका महीनों शहर के अस्पताल में इलाज चला। बहुत खर्चा हुआ ।सुरेश का बेटा भी चल बसा। पटवारी जी को खबर भेजी गई ,कि आपका पोता शांत हो गया है, लेकिन पटवारी जी नहीं गए। धीरे–धीरे उषा भी बीमार रहने लगी। उसे टीबी हो गई। कुछ खेती–बाड़ी बेचकर सुरेश ने उसका भी बहुत इलाज करवाया। वह भी चल बसी। पटवारी जी नहीं गए ।पटवारी जी अपने हाथ से खाना बनाते ।दिनभर मंदिर में जाकर भजन करते ।भगवत गीता का पाठ करते।शाम को गांव वालों से बातचीत करके अपना समय पास करते । उन्होंने पूरे गांव को कह रखा था, अब मेरा सुरेश से कोई संबंध नहीं ।

अचानक सुरेश बीमार पड़ गया । उसने अपने पिता के पास आने की इच्छा व्यक्ति की। पटवारी जी ने स्पष्ट मना कर दिया। सुरेश ने पलंग पकड़ लिया। वह गंभीर बीमार हो गया। लोगों ने पटवारी जी के पास खबर भेजी की कम से कम एक बार बेटे का मुंह देख लेवे,लेकिन पटवारी जी नहीं गए। सुरेश चल बसा । सुरेश के ससुराल वालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया ।

आज सुरेश का दसवां था। गांव के जमीदार और पंचों ने आकर पटवारी जी से कहा ष्आज सुरेश का दर्शा कर्म है। उसकी आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। वह प्रेतयोनि में भटकेगा ।अपनी जिद छोड़ो और हमारे साथ दशाकर्म में चलोष! पटवारी जी बड़ी मुश्किल से जाने को तैयार हुए काफी थके हुए और कमजोर लग रहे थे । कुछ लोगों ने सहारा देकर बैलगाड़ी में बिठाया । दशाकर्म संपन्न हुआ। गांव की महिलाएं जोर जोर से रोने लगी। सारे लोग बड़े दुखी थे। दशा की दाल बाटी सभी को परोसी गई ।जबरजस्ती करके पटवारी जी को भी परोसा गया ।

पटवारी जी ने एक बाटी हाथ में लेकर रोते हुए कहा ष बेटा सुरेश, मैं कहता था, घर में सुमति रखो। तुमने किसी ने भी मेरी बात नहीं सुनी। बुजुर्ग पिता के रहते बेटे का दशाकर्म आ गया ।आखिर तू मेरा बेटा था । मैं तेरी दशा की बाटी कैसे खा सकता हूंष ?

पटवारी जी ने बाटी नीचे रख दी और रोते हुए अपने गांव की ओर चल दिए।

रमेशचंद्र शर्मा
16 कृष्णा नगर – इंदौर

## थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा 01 अदद देशी तमंचा,01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.01.2023 को उ0नि0 राजकुमार यादव थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा शान्ति व्यवस्था, तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वस्तु, के दौरान अभियुक्त अजय कुमार चौहान पुत्र रामसागर चौहान नि0 ग्रा0 पचेहरी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को पलिया मोड़ के पास से समय करीब 12रू10 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध देशी तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । थाना गौरीगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

अजय कुमार चौहान पुत्र रामसागर चौहान नि0 ग्रा0 पचेहरी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष ।

बरामदगी का विवरणदृ

01 अवैध देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर ।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–

मु0अ0सं0 03/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. उ0नि0 राजकुमार यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।

2. का0 मिथिलेश कुमार यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।

## शोध पत्रिका के आगामी अंक प्रकाशन हेतु जनपद के साहित्यकार व साहित्य प्रेमी उपलब्ध करायें रचनायें जिलाधिकारी

अमेठी। 02 जनवरी 2023, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि कौण्डिन्य साहित्य सेवा समिति द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका ''चेतनता'' के आगामी विशेषांक में जनपद के वर्तमान एवं दिवंगत हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी व उर्दू के साहित्यकारों को परिचयात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिये साहित्यकारों एवं साहित्य प्रेमियों के द्वारा अधिकतम 500 शब्दों में साहित्यकार का परिचय और 400 शब्दों में उनकी 02 रचनाएं यथासम्भव शीघ्र पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से कौण्डिन्य साहित्य सेवा समिति, पटेल नगर कादीपुर–सुल्तानपुर(उ0प्र0) 228145 तथा ई–मेल sahityendu52@gmail-com एवं मोबाइल नम्बर 9532006900 पर उपलब्ध करायें। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि साहित्यकार निर्दिष्ट प्रारूप में नाम, जन्मतिथि, जन्म स्थान, माता–पिता का नाम, शैक्षिक परिचय, वृत्तिगत परिचय, प्रकाशित साहित्य, अप्रकाशित साहित्य, प्राप्त पुरस्कार सम्मान, अन्य साहित्यिक उपलब्धियॉ, सम्पर्क सूत्र दूरभाष सहित, फोटोग्राफ, परिचय प्रदाता का नाम व पता उल्लेख करते हुए उपलब्ध कराना कराएं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के थानों द्वारा छात्राओं बालिकाओं को जागरूक किया गया



आज दिनांक 02.01.2023 को पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति" अभियान के तहत नारी सुरक्षाध्नारी सम्मानध नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा कोचिंग संस्थान, बाजार व भीड़–भाड़ वाले जगहों पर व स्कूल कॉलेज के आस–पास छात्राओंध्बालिकाओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076दृ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । महिलाओंध्बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ–साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया इस दौरान एन्टी रोमियो टीम द्वारा संदिग्ध मनचलों की चेकिंग भी की गयी ।

## क्रिकेट मैच डायमण्ड कप 2022 का विजेता बनी जोगिया की टीम




रूद्रपुर (देवरिया) । स्व0 सत्यकेतु चौहान उर्फ बंटी की स्मृति में मिशन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित डायमण्ड कप 2022 का फाइनल मुकाबला रूद्रपुर और जोगिया के बीच खेला गया । जोगिया के कप्तान अविनाश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । उन्होंने 10 ओवरों में अपने 6 विकेट खोकर 35 रन बनाए । वहीं रूद्रपुर के खिलाड़ी 15 रन में ही सिमट कर रह गए । वे 8 ओवर में ही अपने सभी विकेट गवां बैठे । जोगिया की टीम के खिलाड़ी माखन मैन ऑफ द मैच बने । उन्होंने 18 रन बनाकर 4 विकेट लिए । मैन ऑफ द सीरिज का खिताब रूद्रपुर के सन्नी सिंह को दिया गया । फाइनल मैच के मुख्य अतिथि युवा नेता मनमथ त्रिपाठी थे । उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का भाव जागृत होता है। वहीं खेल–कूद से स्वस्थ तन और स्वस्थ मन का विकास भी होता है। खिलाड़ी जज्बा और जुनून बनाए रखें, तो एक न एक दिन उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी । टूर्नामेंट के आयोजक शैलेश पटेल ने उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों व सहयोगियों के प्रति आभार जताया । इस अवसर पर नन्हे जायसवाल, प्रमोद वर्मा, सज्जाक, नन्हे पटेल, मन्नू पटेल, रवि निगम, राजकुमार, मनीष, दीपू, भोला गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे ।

## सराहनीय सेवा,,पांच वर्षीय बच्चे को परिजनों से मिलाया ! कोतवाली ज्वालापुर!



,, बाजार गस्त कर रहे चेतक कर्मचारीगण को एक 05 वर्षीय बालक लावारिस हालात में कटहरा बाजार में घूमता हुआ मिला। आसपास तलाश करने पर भी परिजनों का पता न लगने पर बालक को चौकी रेल पर लाया गया। बात करने में असमर्थ बच्चे के परिजनों की तलाश हेतु सीसीटीवी फुटेज चेक करना व व्हाट्सएप के माध्यम से प्रचार–प्रसार करना फायदेमंद रहा जब कहीं से जानकारी मिलने पर बच्चे के माता पिता रेल चौकी पहुंचे। बच्चा सकुशल सुपुर्द करने पर माता पिता सहित क्षेत्रवासियों द्वारा भी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुधांशु कौशिक कांस्टेबल अमित गौड,राजेश बिष्ट, महिला कांस्टेबल कविता शामिल रहे!

## ठंड ने दिखाए तेवर, समाजसेवी पवन जायसवाल दर्जनों स्थानों पर जलवाये अलाव



संतकबीरनगर। मेहदावल तहसील अंतर्गत नगर पंचायत धर्मसिंहवा में समाजसेवी पवन कुमार जायसवाल ने बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए व हाड़ कपा कपा देने वाली ठंडी से राहत दिलाने के लिए सराहनीय पहल की है।ठंड से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है, वही लोगों का घरों से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है लोग इस विकराल ठंडी का दंश झेलने को मजबूर हैं।इसी को देखते हुए समाजसेवी पवन कुमार जायसवाल ने नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवा कर समाज में एक अच्छा कार्य किया है। समाजसेवी के इस पुनीत कार्य के लिए समस्त नागरिकों ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा कर रही है।

## सरकारी धान खरीद केंद्र की शुरुआत , 25 किसानों ने उठाया लाभ

कन्नौज। राजकीय धान खरीद केंद्र इंदरगढ़ मे 1 नवंबर से धान खरीद शुरू हुई थी जिसमें अभी तक 25 किसानों का 1455 कुंटल 7 किलो धान खरीदा जा चुका है । इंदरगढ़ के सहकारी समिति पर राजकीय धान खरीद केंद्र बनाया गया है । जिस पर 1 नवंबर से धान खरीद शुरू हुई थी । सचिव विद्या राम ने बताया कि अभी तक 25 किसानों का 1455 कुंटल 7 किलो धान खरीदा जा चुका है । उन्होंने बताया कि और किसानों से संपर्क किया जा रहा है । जल्द से जल्द मानक के अनुसार धान की खरीद कर सरकार द्वारा दिया गया लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। धान खरीद की लास्ट तारीख 28 फरवरी है । तब तक धान खरीद का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा।




## किसानों के साथ बैठक कर अमूल दूध डेयरी को लेकर की चर्चा दिए सुझाव

हसेरन। दूध डेरी से संबंधित किसानों के साथ बैठक कर सुझाव दिए। उत्पादन को लेकर चर्चा की। अधिक से अधिक अमूल दूध डेयरी पर लाने की बात कही। दुग्ध उत्पादन को लेकर अधिकारी व कर्मचारियों ने किसानों से परामर्श कर जानकारी दी। हसेरन क्षेत्र के हुसैननगर ग्राम मे चल रही अमूल डेयरी संचालक दिनेश भदौरिया व एमसीसी दिव्यापुर के प्रबंधक प्रांशु लाल भार्गव एवं सुपरवाइजर राहुल कुमार ने गांव में किसानों के साथ बैठक की। दुग्ध उत्पादन को लेकर चर्चा की। जानवरों को खिलाने पिलाने से लेकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी। दूध डेरी से होने वाले फायदों की जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया। सचिव शिवपाल सिंह चौहान ने लाभ लेने के लिए किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में भी बनास अमूल द्वारा कार्य किया जा रहा है। डेरी सचिव दिनेश भदोरिया द्वारा लगभग दो दर्जन किसानों को उपहार स्वरूप भेंट दी गई। प्रबंधक व सुपरवाइजर को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे नरेश , आनंद , शिवराम , गोपाल , सुशील , सत्यम सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित मैथिली पाठ्यपुस्तक में विनय शर्मा दीप को मिला स्थान




मुंबई। फाइव फिंगर्स एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ष्मैथिली हिंदी पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिकाष नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मापदंडों के अनुरूप प्रकाशन में लायी गई है। इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश से हिंदी के वरिष्ठ कवियों एवं लेखकों की ज्ञानवर्धक एवं रोचक रचनाओं का संकलन किया गया है ।उसी क्रम में जौनपुर उत्तर प्रदेश में जन्मे कवि,लेखक,कथाकार,नाटककार,कृन्मुंबई महानगर पालिका में बतौर शिक्षक–शिक्षाविद स्वर्गीय दीपनारायण श्यामलाल शर्मा के पुत्र कवि,लेखक एवं सशक्त समाजसेवी विनय शर्मा दीप द्वारा लिखित आदिवासियों के देवता कहे जाने वाले ष्शूरवीर बिरसा मुंडा की जीवनीष का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि दीप जी को कक्षा सातवीं में उत्कृष्ट एवं ऐतिहासिक लेखकों के मध्य स्थान देकर गौरवान्वित किया गया है। शूरवीर बिरसा मुंडा के बचपन से लेकर उसके जीवन में संघर्ष घटित होने वाली सभी पहलुओं पर लेखक ने प्रकाश डाला है। वर्तमान में प्रशासन ने भी शूरवीर बिरसा मुंडा की जयंती का शुभारंभ किया है इससे यह उम्मीद की जा सकती है कि उक्त अध्याय को अध्यापकों और बच्चों द्वारा सराहा जाएगा।फिंगर्स एजूकेशन प्रा. लि. की ष मैथिली हिंदी पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यासपुस्तिका ष नई राष्ट्रीय शिक्षा के अनुरूप इन पुस्तकों में कौशल विकास, तार्किक विश्लेषण, रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों आदि को प्रमुखता दी गई है। मैथिली हिंदी पाठ्यपुस्तक की सामग्री में सूर – तुलसी के काव्य सौंदर्य से लेकर वर्तमान राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के जीवन संघर्ष को स्थान दिया गया है। यदि यहाँ जे. आर. डी. टाटा जैसे उद्यमी हैं तो नीरज चोपड़ा जैसे ऊर्जावान खिलाड़ी भी मिलेंगे। भारतीय स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव के साथ–साथ पर्यावरण, समय प्रबंधन, स्वास्थ्य, विज्ञान, योग, जलवायु परिवर्तन आदि को साहित्य की विभिन्न विधाओं में शामिल किया गया है। समूची पाठ्यपुस्तक का डिजिटल रूपांतरण प्रकाशन की ओर से किया गया है। डिजिटल सामग्री में एनीमेशन, कार्यपत्रिका, उत्तरमाला, पाठ–योजना, संगीतमय पठन, रिकॉर्डिंग, बहु विकल्पीय प्रश्न आदि बड़े ही रोचक ढंग से दिए गए हैं। पाठ्यपुस्तक की अध्याय–योजना छात्रों की रचनात्मक शक्ति उभारने एवं उनमें रुचि पैदा करने के लिए की गई है। अध्याय का पहला चरण ष्पाठ – परिवेशष है । इसके अंतर्गत अध्ययन की पूर्व तैयारी है। तत्पश्चात पाठ – प्रस्थान है जिसे हम भूमिका भी कह सकते हैं। इसके बाद पाठ को बड़े ही आकर्षक ढंग से सचित्र प्रस्तुत किया गया है। आगे के क्रम में मूल्य, शब्दार्थ, आगत शब्द एवं मुहावरे दिए गए हैं। शेष सामग्री को अभ्यास, भाषा की बगिया, रचनात्मक उड़ान एवं रोचक तथ्य के रूप में बड़े सलीके से रखा गया है। रचनात्मक उड़ान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा निर्देशों पर आधारित कक्षा के बाहर की गतिविधियाँ हैं। कुल मिलाकर फाइव फिंगर्स प्रा. लि. की हिंदी पाठ्यपुस्तकें भावी शिक्षा प्रणाली की सभी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। लेखक डॉ. जीतेन्द्र पाण्डेय के अनुसार कई शिक्षण संस्थान हिंदी भाषा को डिजिटल रूप देने के लिए बड़ी – बड़ी कंपनियों को हायर करते हैं ताकि उनके शिक्षक पठन–पाठन का कार्य रुचिकर ढंग से करें। फाइव फिंगर्स की हिंदी पाठ्यपुस्तकें तकनीक से लैस हैं। यहाँ अलग से कोई प्रयास नहीं करना है। प्रकाशन के लोग ही शिक्षकों–छात्रों की डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर हैं। वहीं कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोरंजन सिंह कहते हैं कि हमारी सभी पाठ्यपुस्तकों में हमारे दशकों का अनुभव शामिल है साथ ही हम विशेषज्ञों के माध्यम पाठ्यक्रम के निर्माण में बारीक से बारीक चीजों पर नजर रखते हैं। पिछले दिनों डॉ. जीतेन्द्र ने मैथिली पाठ्यपुस्तक विनय शर्मा श्दीपश को भेंट की । उक्त खबर पाने पर मुंबई महानगर में साहित्य सेवा कर रही भारतीय जन भाषा प्रचार समिति,नव कुंभ साहित्य सेवा संस्थान,संगीत साहित्य मंच,भारतीय साहित्य सेवा परिषद,अखिल भारतीय साहित्य परिषद,हृदयांगन संस्था, हस्ताक्षर संस्था,उज्जवल साहित्यिक संस्था, काव्य सृजन संस्था,काव्य कुंज,कलमकार, शब्दाक्षर महाराष्ट्र,बेस्टी एजुकेशन एंड चौरिटेबल ट्रस्ट,काव्यांजलि एक अनूठा आरंभ विश्व मंच,रमा साहित्य मंच लखनऊ एवं कोशिश साहित्यिक संस्था जौनपुर से जुड़े सभी साहित्यकारों एवं सामाजिक राष्ट्रीय संस्था जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति के जुड़े सभी समाजसेवियों एवं पदाधिकारियों ने कवि,लेखक विनय शर्मा दीप को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विनय शर्मा दीप ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे मुंबई महानगर के वरिष्ठ साहित्यकारों आर एल वर्मा,डॉ आर एन सिंह,डॉ दिनेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार हौसिला प्रसाद अन्वेषी, जवाहरलाल निर्झर, रामप्यारे रघुवंशी,अनिल कुमार राही,नामधारी राही,रामजीत गुप्ता,एन बी सिंह नादान, जयंत्री प्रसाद जगमग,नंदलाल क्षितिज, अवनीश कुमार दीक्षित,डॉ शैलेश वफा,का मार्गदर्शन,माता शांति देवी का आशीर्वाद एवं जीवन साथी रेनुदेवी का भरपूर सहयोग रहा है।

## अमेठी का युवा प्रवासी दिवस पर करेगा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व




अमेठी के अभिजित करेंगे इंदौर में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व हुगली (कर्नाटक) में आयोजित युवा सम्मेलन में भी अमेठी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे अभिजित त्रिपाठी दिग्राम टुडे आशुतोष शुक्ल ब्यूरो चीफ अमेठी अमेठी 02 जनवरी 2023, नेहरू युवा केन्द्र संगठन नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा मध्यप्रदेश में आयोजित होने जा रहे 17वें भारतीय प्रवासी दिवस पर अमेठी के अभिजित त्रिपाठी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रवासी भारतीय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए पूरे देश से कुल 28 युवाओं का चयन किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश से अमेठी के युवा अभिजित त्रिपाठी का चयन हुआ है। अभिजित ने जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उसके बाद 28 दिसंबर को विजन 2047 विषय पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भी अभिजित त्रिपाठी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ तथा उनका चयन प्रवासी भारतीय दिवस के उपलक्ष्य में इंदौर (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने जा रहे युवा सम्मेलन के लिए हुआ है। नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डा. आराधना राज ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया के निर्देशन में नेहरू युवा केन्द्र अमेठी द्वारा युवाओं को राष्ट्र की मुख्य विकासधारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश में युवा मंडल अध्यक्ष तथा पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक ग्राम पूरेप्रेम, विकास खण्ड अमेठी ने अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया तथा राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके अमेठी का नाम पूरे देश में रोशन किया। उन्होंने बताया, कि इसके अतिरिक्त अभिजित का चयन 12 जनवरी से 15 जनवरी तक हुगली (कर्नाटक) में होने जा रहे राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए भी अमेठी जनपद से अभिजित का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डा. आराधना राज तथा एकाउंटेंट शिवशंकर यादव ने अभिजित को ट्राफी प्रदान की तथा माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर उनको बधाई दी। अभिजित त्रिपाठी अमेठी ब्लॉक के पूरेप्रेम गाँव के निवासी हैं। उनके पिता प्राइवेट शिक्षक और माता गृहणी हैं। अभिजित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबाजी, परिवार तथा गुरुजनों को दिया। अभिजित की सफलता पर नेहरु युवा केन्द्र की उपनिदेशक डा. आराधना राज, शिवशंकर यादव, रामअवतार, पूर्व एनवाईवी ललित, तथा एनवाईवी विकास शुक्ला, विवेक मिश्र, सुमित्रा देवी तथा जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित सभी युवा मंडलों के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## आगामी 24 जनवरी 2023 को अयोध्या में कर्पूरी ठाकुर जयंती के उपलक्ष में सेन सविता नंदवंशी समाज भरेगा राजनीतिक हुकार



, अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या में आगामी 24 जनवरी 2023 को सेन सविता नंदवंशी समाज के सिरमौर पिछड़े अत पिछड़े शोषित पीड़ित वंचित समाज के मसीहा व पूर्व मुख्यमंत्री बिहार पूजनीय जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की भव्य जयंती कार्यक्रम का होगा आयोजनअयोध्या लखनऊ नेशनल हाईवे पर पंचशील होटल के बगल होटल जीवनसाथी बुक कर लिया गया है उत्तर प्रदेश के साथ ही कई अन्य प्रदेशों से कर्पूरी ठाकुर जी के अनुयाई हजारों की संख्या में होंगे सम्मिलितजननायक जी की जयंती को संकल्प दिवस के रूप में भव्य आयोजन कर सविता समाज अपनी ताकत का कराएगा एहसास तथा हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर पिछड़े अति पिछड़े समाज के साथ ही सविता नंदवंशी समाज की राजनीतिक सामाजिक शैक्षिक आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा आगाज अतः सभी महानुभाव और उत्तर प्रदेश में संचालित सेन सविता समाज के सभी संगठन के पदाधिकारियों संगठन संचालकों से अनुरोध किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारे व समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कराने में अपने विचार मंच के माध्यम से देने की कृपा करें !

## समाजवादी पार्टी व्यापार सभा ने शोभा यात्रा का किया भव्य स्वागत



रायबरेली। सिक्खों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह के जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गयी शोभा यात्रा का समाजवादी पार्टी व्यापार सभा की ओर से भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश रस्तोगी ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह ने खालसा धर्म की स्थापना की थी। गुरू गोविन्द सिंह जहाँ विश्व की बलिदानी परम्परा में अद्वितीय थे, वहीं वे स्वयं एक महान लेखक, मौलिक चिन्तक तथा अनेक भाषाओं के ज्ञात भी थे। गुरू गोविन्द सिंह ने कई ग्रन्थों की रचना की। वे विद्वानों के संरक्षक थे। शोभा यात्रा में विश्व के सबसे बड़े कद के पंजाब पुलिस आफीसर सरदार जगदीप सिंह उपस्थित थे, जो शोभा यात्रा में चर्चा का विषय था। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश कुमार सोनी, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार, स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष शिव नारायण सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी. यादव, अशोक मिश्रा शोरा, व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, युवा पत्रकार ज्ञान प्रकाश तिवारी, अनुज यादव बरवारी, महेन्द्र तिवारी, दिनेश त्रिवेदी, सुशील कुमार मौर्य, सन्तोष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे। शोभा यात्रा कमेटी द्वारा सभी को मार्ल्यापण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने नववर्ष के उपलक्ष्य में जिला विद्यालय निरीक्षक को पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित



रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने नववर्ष के उपलक्ष्य में जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली ओमकार राणा को उनके कार्यालय में माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक से शिक्षकों, कर्मचारियों, तदर्थ शिक्षकों एवं वित्त विहीन शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया तथा भीषण शीत लहरी को देखते हुए विद्यालयों के शिक्षण अवधि में परिवर्तन की मांग की। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली द्वारा सकारात्मक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली ने भी वहां उपस्थित प्रतिनिधि मण्डल के सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला सह संयोजक अजय सिंह चन्देल व ऋषिराज त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी डॉ0 कमला कान्त, जिला संयोजक प्रधानाचार्य महासभा नरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला संयोजक तदर्थ महासभा नागेन्द्र बहादुर सिंह, जिला संयोजक शिकायत प्रकोष्ठ बालेन्दु बहादुर सिंह, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष कुमार मिश्र, देदौर इण्टर कॉलेज प्रबन्धक विजय कुंवर चौधरी एवं प्रधानाचार्या कामिनी तिवारी, प्रधानाचार्य वैदिक इण्टर कॉलेज श्याम नारायण सिंह, विधान सभा सदर सह संयोजक सुनील द्विवेदी, मंडल संयोजक जगतपुर सन्तोष सिंह, इण्टर कॉलेज बैसवारा से जितेन्द्र सिंह, शंकरपुर इण्टर कॉलेज से राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देदौर इण्टर कॉलेज के प्रधान लिपिक श्रवण कुमार व रतन सिंह तथा वैदिक इण्टर कॉलेज के लिपिक चन्द्रधर शर्मा तथा बैसवारा इण्टर कॉलेज से धर्मराज आदि उपस्थित रहे।


# आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास


## बेसहारा गोवंशों का फसलों पर आतंक, किसान परेशान , खेतों की करनी पड़ रही रखवाली



कन्नौज। इन दिनों अन्ना मवेशियों के आंतक से किसान परेशान हैं। क्षेत्र के गांव–गांव में सैकड़ों की संख्या में अन्ना गौवंश झुंड बना कर घूम रहे हैं। जिससे किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है। किसानों को रात रात भर जाग कर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। शीतलहर सर्दी सभी किसान परेशान है वही खेतों की रखवाली के लिए भी किसान खेतों पर बैठे रहते हैं। कड़ाके की सर्दी में किसान रात–रात भर जाग कर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तालग्राम ब्लॉक के मुंडला, कुशलपुरवा, मायापुरवा, चौखटा, कलकत्तापुरवा, महानगर समेत कई गावों में अन्ना गौवंशों का आतंक जारी है। ऐसी कड़ाके की सर्दी में किसान रात– रात भर जागकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं।किसान बोले, रात के सन्नाटे में उजड़ रही फसल मुंडला निवासी किसान संजय सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर की रात अन्ना गोवंशों का झुंड उनका दो बीघा आलू की फसल चट कर गए। ग्राम चौखटा निवासी किसान गोकरन राजपूत ने बताया कि अन्ना गौवंशों के झुंड ने करीब ढाई बीघा आलू की फसल नष्ट कर दी। अब वह रात–रात भर जाग कर फसल की रखवाली की कर रहे हैं।

खेतों की रखवाली में जा रही किसानों की जानकिसान बलवीर राजपूत, राजवीर शाक्य, जगदीश शाक्य, रामनरेश दुबे व अशोक यादव ने बताया कि कई बार कड़ाके की सर्दी में फसल की रखवाली करते समय सर्दी लगने से बीमार पड़ जाते हैं। पिछले दिनों पहले कस्बा के टीला निवासी किसान मुस्तकीम के 18 वर्षीय पुत्र अमन उर्फ छोटे की फसल रखवाली करते समय सर्दी लगने से तबीयत बिगड़ गई। जिसकी बाद में मौत हो गई।

## डीएम ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं, गरीब फरियादियों को किया कम्बल वितरण



रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नूतन वर्ष के अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की तथा आह्वान किया कि वे शासकीय कार्यों का निर्वहन ईमानदारी, मेहनत, लगन से कर शासन की मंशा के अनुरूप युद्धस्तर पर कार्य करे। कार्यो के क्रियान्वयन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नूतन वर्ष के अवसर पर कई फरियादियों की समस्याओं को भी ध्यानपूर्वक सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण हेतु जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस के अलावा जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेने के साथ ही जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए, शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसी दौरान जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आये हुए गरीब फरियादियों को कम्बल वितरण किया।जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने नूतन वर्ष पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती अंकिता जैन सहित उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों और समाजसेवियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नूतन वर्ष जीवन में खुशहाली लाये साथ ही सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों का भी युद्ध स्तर पर आमजन तक पहुचाकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद उद्योग विभाग की योजना के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की योजना आयुष्मान गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, ठंड में गरीबों को कम्बल वितरण कर राहत दिलाना एवं गोवंशों को आश्रित कराने के साथ लाभ परक योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया जाना महत्वपूर्ण कार्य है।जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने नूतन वर्ष के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार व अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी जितेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र सिंह व अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों ने नूतन वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए मंगलमय जीवन की कामना की है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किया गया कम्बल वितरण



रायबरेली। ठंड के मौसम में श्रम दाताओं और उनके समकक्ष जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच कंबल वितरण करने का काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किया गया। शहर के बस्तेपुर क्षेत्र में ऐसा तपका जो मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है, उनके बीच संघ के जिला प्रचारक अमरजीत व पूर्व प्रत्याशी सोनिया रस्तोगी ने कंबल वितरण किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अमरजीत ने कहा कि संघ का स्वयंसेवक समाज की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है, क्योंकि ग्रंथों ने नर सेवा को नारायण सेवा से जोड़ा इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम हर परिस्थिति और स्थिति में ऐसे लोगों की मदद करते रहे जो असक्षम है। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण का कार्य करना हमारा सामाजिक दायित्व है, क्योंकि ठंड में किसी को वस्त्र देना भी सेवा का सर्वोपरि उदाहरण है।

पूर्व प्रत्याशी सोनिया रस्तोगी ने मौजूद महिलाओं में कंबल वितरण किया। उन्होंने संघ के जिला प्रचारक अमरजीत का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की प्रेरणा सेवा करने की रही राष्ट्र और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए हम सभी का यह दायित्व है कि हम समाज में सभी को सम्मान दें और हर स्तर पर सहयोग दें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिस तरह से हम भगवान की पूजा अर्चना और आराधना करते हैं वैसे ही सेवा भी पूजा का एक रूप है, जिसको ईश्वर स्वीकार करते हैं। फिर चाहे उसे वो मौसम की मार झेल रहे लोगों को वस्त्र प्रदान करके हो या फिर बीमार मरीजों को दवा देकर हो।

कार्यक्रम में इं. विजय रस्तोगी, सत्य प्रकाश पाण्डेय, नितिन श्रीवास्तव, आशुतोष पांडेय, अजय सिंह सोनू , रामदेव मौर्य, परमजीत गांधी, मनोज भदौरिया, मनोज मौर्य, सत्य प्रकाश पाण्डेय, मनोज भदोरिया, राहुल खन्ना, दिगेंद्र सिंह, अंकित अग्रहरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शीतलहर सर्दी से बुजुर्ग वृद्धा की मौत



कन्नौज। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गुगरापुर गांव में सर्दी के चलते बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला विना छत के घर पर रह रही थी। बताया जा रहा है कि महिला को आवास योजना का लाभ नहीं मिला था। मौत के बाद जिम्मेदार जांच की बात कह रहे है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गुगरापुर गांव निवासी गायत्री देवी (70) पति हर्षराम वर्मा अपने भतीजे के साथ रह रही थी। मंगलवार की तड़के सर्दी लगने की वजह से दम तोड़ दिया। मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक महिला का कच्चा मकान है। उसको आवास योजना का भी लाभ नहीं मिला था। जिसके चलते वह भतीजे के घर पर रहती थी। कानून गो ने बताया कि महिला की मौत की सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने न्यू शेरे दा ढाबा का किया उद्घाटन

लालगंज, रायबरेली। कस्बे के चिकमंडी में रेस्टोरेंट की ओपनिंग



हुई, जिसमें उद्योग व्यापार मंडल की ओर से उद्घाटन किया गया ,माल्यार्पण कर पदाधिकारियों सम्मान किया गया। न्यू शेरे दा ढाबा का लांच हुआ, जिसमें सभी प्रकार के नॉनवेज आइटम मिलेंगे। जिन व्यजनों का हम लखनऊ कानपुर लुफ्त उठाने जाते हैं वह व्यंजन अब लालगंज में मिलेगा। जिसमें उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदोरिया, उपाध्यक्ष काशिफ खा,न संयुक्त मंत्री राहुल प्रजापति, युवा संगठन मंत्री रिजवान अहमद, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में सेवादार टीम ने बाँटा अंगवस्त्र और फल

रायबरेली। जहाँ एक ओर अखण्ड भारत या यूँ कहें सम्पूर्ण विश्व नया वर्ष के जश्न में डूबा है, वहीं रायबरेली की सेवादार टीम आए दिन वृद्धाश्रम में कुछ न कुछ दान किया करती है। सेवादार टीम ने निःस्वार्थ भाव से नव वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में मातृशक्ति व पुरुषों (बृद्धजन) को इनर पैजामा मोजा मास्क मिठाई फल आदि वितरित किया। डॉ0 अशोक कुमार गौतम शिवाजी नगर आईटीआई, सौरभ अवस्थी सत्यनगर ने बताया कि मानव सेवा उससे से भी ज्यादा वृद्धजनों की सेवा करने में जो सुखद आत्मिक अनुभूति होती है, वह सुख कहीं अन्यत्र नहीं मिल सकता है। हमारी युवा पीढ़ी और उनकी संस्कृति शनैः शनैः पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण करती जा रही है, जिसके कारण लोग अपने क्षणिक भौतिक सुखों की पूर्ति के लिए माता–पिता को वृद्धावस्था में बेसहारा छोड़ देते हैं। सरकार द्वारा संचालित वृद्धाश्रम ही उनका अंतिम सहारा होता है। इसलिए हम लोग यहाँ नियमित आकर यथासम्भव नानादि सामग्री, वस्त्रादि देते रहते हैं, जिससे उनका जीवनयापन सुनियोजित तरीके से होता रहे। बुजुर्गों की सेवा करना नए वर्ष में रंगारंग कार्यक्रमों का क्षणिक आनन्द से कहीं अधिक फलदायी है।

सौरभ अवस्थी ने बताया कि अपने माता–पिता और बुजुर्गों के आशीर्वाद से ये सब सेवाभाव सम्भव हो पाता है। हमारी टीम नियमित सेवा करती रहेगी।

डॉ0 अशोक कुमार ने आगे कहा कि आश्रम के संरक्षक रामबली सिंह दादा जी का आशीर्वाद और सहयोग हमेशा मिलता है और उम्मीद करता हूँ कि भविष्य में भी हमारी टीम को सेवाभाव का अवसर प्रदान करते रहेंगे। प्रबंधक धनंजय सिंह, हिमान्शु, नीलम श्रीवास्तव, रेनू मेहरा, प्रमोद कुमार आदि बृद्धजनों का ख्याल बिल्कुल घर की तरह रखते हैं। इस अवसर पर शिवांश शुक्ल, सत्यम सोनी, राजेश राजपूत, भूनी तिवारी, प्रकाश दुबे आदि ने सामग्री वितरण में तन–मन–धन से सहयोग किया।



